# CHAUDHARY CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT, UTTAR PRADESH

CHAUDHARY CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ

19 65

यत्र सत्यस्य परमं निधानम्

## *7.1.1 Measures initiated by the Institution for the promotion of gender equity during the last five years.*

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut

# Medical facility in campus









**Swami Kalyan Dev Clinic**

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut




**Regular health check-up camps are being organized in the campus**

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut

# Mission Shakti Abhiyan - third phase

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**Ch. Charan Singh University, Meerut**

पत्रांक : पी०ए०/3946
दिनांक : 26.08.2021

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषयः– मिशन शक्ति फेज–3 हेतु उच्च शिक्षा विभाग की कार्ययोजना के परिपेक्ष्य में महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में बालिका हेल्थ क्लब स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के संलग्न पत्र संख्या–1999/सत्तर–1–2021–08 (20)/2020 दिनांक 24 अगस्त, 2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मिशन शक्ति फेज–3 हेतु उच्च शिक्षा विभाग की कार्ययोजना के परिपेक्ष्य में महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में बालिका हेल्थ क्लब स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया है।

उक्त के क्रम में अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या–1999/सत्तर–1–2021–08 (20)/2020 दिनांक 24 अगस्त, 2021 के आलोक तथा मा० कुलपति जी के आदेशानुसार आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने–अपने महाविद्यालय/संस्थानों में शासन के पत्र के आलोक में कार्ययोजना के परिपेक्ष्य में बालिका हेल्थ क्लब स्थापित करते हुये आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः– यथोपरि।

भवदीय,

26.08.2021

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. सचिव कुलपति को मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. प्रति–कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
03 क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,मेरठ।
04. प्रो० बिन्दु शर्मा, आचार्य एवं समन्वयक, मिशन शक्ति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
05. विश्वविद्यालय, प्रेस प्रवक्ता।
06. प्रभारी, वेबसाइट

कुलसचिव

**Regarding setting up of Girls Health Clubs in colleges and universities in the context of the action plan of Higher Education Department for Mission Shakti Phase-3.**
**26 August 2021**

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut

# चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

दिनांक: 10.09.2021

सेवा में,
समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक
चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय
मेरठ।

महोदय/महोदया,

हर्ष के साथ सूचित करना है कि माननीय कुलपति जी द्वारा रानी लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास में "**बालिका हेल्थ क्लब**" का उद्घाटन दिनांक 13 सितम्बर, 2021 को अपराह्न 3:30 बजे किया जायेगा तथा "**तीन दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर** का आयोजन दिनांक 13–15 सितम्बर, 2021 तक किया जाना है। कृपया आपसे अनुरोध है कि अपने विभाग की सभी महिलाओं/छात्राओं को कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु प्रोत्साहित करें। (कार्यक्रम की प्रति संलग्न है)

अतः उक्त कार्यक्रम में आप सभी दिनांक 13 सितम्बर, 2021 को अपराह्न 3:30 बजे सादर आमन्त्रित है।

प्रो0 पी.के. शर्मा
मुख्य छात्रावास अधीक्षक
चौ0चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

प्रो0 बिन्दु शर्मा
समन्वयक
महिला अध्ययन केन्द्र

**Letter regarding Approval of establishment of Balika Health Club in The University**
**10-9- 2021**

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

उत्तर प्रदेश शासन

# महिला अध्ययन केन्द्र
## चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

द्वारा आयोजित

उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम (तृतीय चरण)

के अंतर्गत

तीन दिवसीय

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

( महिलाओं / छात्राओं के लिए )

एवं

## बालिका हेल्थ क्लब का उद्घाटन

आयोजन तिथि -13.09.2021 से 15.09.2021
समय -दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:00 बजे
स्थान - रानी लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास

बालिका हेल्थ क्लब का उद्घाटन अपराह्न 3:30 बजे माननीय कुलपति, प्रो. एन. के. तनेजा जी द्वारा किया जाएगा। आप सभी सादर आमंत्रित हैं। कृपया अपने विभाग की सभी महिलाओं / छात्राओं को कार्यक्रम में प्रतिभाग के लिए प्रोत्साहित करें।

प्रो. वाई. विमला,
प्रति कुलपति
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

प्रो. बिन्दु शर्मा,
समन्वयक
महिला अध्ययन केन्द्र

# THREE DAYS HEALTH CHECK-UP CAMP AND INAUGURATION OF BALIKA HEALTH CLUB

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut

# INAUGRATION OF BALIKA HEALTH CLUB






## महिलाओं का सम्मान हमारी संस्कृति है: प्रो. एनके तनेजा

### महिला अध्ययन केंद्र व महिला हेल्थ क्लब का शुभारंभ

कानूनी जंग न्यूज

मेरठ। महिलाओं का सम्मान भारतीय संस्कृति की पुरानी परंपरा है अबला नारी शब्द हमारी शब्दावली में ही नहीं है यदि हमारी शब्दावली में अबला नारी शब्द होता प्राचीन व वैदिक काल में और स्वाधीनता से पूर्व रानी लक्ष्मीबाई सहित अनेक वीरांगना कैसे होती महिलाओं के विकास में आने वाली बाधाओं को दूर करने का प्रयत्न करना चाहिए यह बात चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नरेंद्र कुमार तनेजा ने महिला अध्ययन केंद्र व महिला हेल्थ क्लब के शुभारंभ के अवसर पर रानी लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहीं।

उन्होंने कहा कि हेल्थ क्लब से बालिकाओं के स्वास्थ्य के साथ मानसिक वह बौद्धिक स्तर भी बढ़ेगा वही महिलाएं समाज में महत्वपूर्ण स्थान पा सकेंगी। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रोफेसर वाई विमला ने कहा कि केवल उच्च पदों पर बैठना ही महिला सशक्तिकरण नहीं है बल्कि उनका सम्मान उनको बराबर की हिस्सेदारी देना महिला सशक्तिकरण है। महिला अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रोफेसर बिंदु शर्मा ने सभी का स्वागत किया डॉ. अनिल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच का संचालन डॉ. अलका तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर भूपेंद्र राणा, प्रोफेसर वीरपाल सिंह, एसीएमओ डॉक्टर पूजा, प्रोफेसर नवीन चंद लोहनी, प्रोफेसर एवी कौर, प्रोफेसर आराधना गुप्ता, डॉक्टर संजय भारद्वाज, डॉ. विवेक त्यागी, डॉक्टर निशा, मनीष इंजीनियर, मनीष मिश्रा, डॉक्टर गुलाब सिंह रूहल, डॉक्टर पीके बंसल प्रेस प्रवक्ता मितेन्द्र कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।



Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut

# 3 Days Health checkup camp by Mahila Adhyayan Kendra







Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut

चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT

पत्रांक:पी0ए0/3944
दिनांक : 26.08.2021

सेवा में,
मुख्य चिकित्साधिकारी
मेरठ।

**विषय : –मिशन शक्ति तृतीय चरण हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए कार्य योजना।**

महोदय,

अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या–1819/सत्तर–3–2021–08(20)/2020 दिनांक 10 अगस्त 2021 के पैरा (4) **बालिका हेल्थ क्लब एवं स्वास्थ्य परीक्षण** एवं पैरा (8) **लैंगिक समानता एवं स्वास्थ्यर्धन** का संज्ञान लेते हुये चौ0 चरण विश्वविद्यालय, मेरठ में छात्राओं हेतु स्वास्थ्य विभाग की ओर से First Aid Kit की व्यवस्था तथा प्राथमिक उपचार हेतु प्रशिक्षण एवं स्वास्थ्य कैम्प आयोजित हेतु महिला चिकित्साधिकारी (स्त्री रोग विशेषज्ञा) द्वारा विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास (रानी लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास) के लिये 03 कार्यदिवसों में दिनांक 13.09.2021, 14.09.2021 एवं 15.09.2021 तक के लिये दोपहर 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक महिला चिकित्साधिकारी(स्त्री रोग विशेषज्ञा) को नियुक्त करने की कृपा करें। जिससे की चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में अध्यनरत सभी छात्राओं का शासनादेशानुसार आयोजित कैम्प द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा सके। विश्वविद्यालय में लगभग 400 छात्राऐं अध्यनरत हैं।

महोदय नियुक्त महिला चिकित्साधिकारी(स्त्री रोग विशेषज्ञा) द्वारा प्रो0 बिन्दु शर्मा, जन्तु विज्ञान, मो0 न0–9412663532 एवं डा0 प्रमोद बंसल मो0 न0–9837134338 से सम्पर्क किया जा सकता है।


धन्यवाद।

भवदीय
26.08.2021
कुलसचिव

D VC
26/8

प्रतिलिपि:
1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, चौ0 चरण सिंह वि0वि0, मेरठ।
3. छात्र कल्याण अधिष्ठाता, चौ0 चरण सिंह वि0वि0, मेरठ।
4. प्रो0 बिन्दु शर्मा, जन्तु विज्ञान विभाग, चौ0 चरण सिंह वि0वि0, मेरठ।

# BALIKA HEALTH CLUB




Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut

# Regular Health checkups in hostel






Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut

# Gym facilities in the hostel

Rani Laxmi Bai Hostel has a common gym for girls. The girls can come and do exercise any time as per their convenience. Various facilities are available for them to keep themselves physically fit. A Sanitary napkin dispensing machine and incinerator are also available for use.




Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut

# Gym facilities in the hostel







Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut







**Health Check Up and Free Medicine Distribution Camp**
**1-3-2021**
**Mahila Adhyayan Kendra**

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut



PIC : DAINIK JAGRAN INEXT

Pooja, Sunita, Rachna

Kirti, Yashi

# शक्ति का 'मिशन'

meerut@inext.co.in

MEERUT (1 March): सीसीएसयू पार्क में आयोजित मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक ने कहा कि हमारी संस्कृति में महिलाओं को देवी की तरह पूजा जाता है. वर्तमान में महिलाएं पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं. समाज को अपनी सोच बदलनी होगी अब नारी अबला नहीं है. इसके बाद 2021 के तहत स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण किया गया. मौके पर स्टूडेंट व टीचर्स से में इस अभियान से जुड़ने का काफी क्रेज देखने को मिला. सभी ने अपनी जांच कराई. परीक्षण के दौरान 70 गर्ल्स स्टूडेंट का ब्लड, शुगर, हीमोग्लोबिन, एचआईवी, हैपेटाइटिस बी का परीक्षण किया गया. इसमें 10 से लेकर 14.5 तक गर्ल्स का हीमोग्लोबिन पाया गया.

Suman, Kajol

Vanshita

If you are throwing a party, celebrating any festival or mounting an exhibition, we will report it. Call us at 9910444850 or mail at meerut@inext.co.in

Y vimla, Nk taneja

Anshika, Rajni

iam framed

Garima, Soniya, Doli

Abha, Arpita

Aditi, Shrankhla, kit

**Health Check Up and Free Medicine Distribution Camp**

**1-3-2021**

**Mahila Adhyayan Kendra**

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut

**आयोजन** हमारी संस्कृति में महिला को देवी की तरह पूजा जाता है: डॉ. राजकुमार

# समाज को महिलाओं के प्रति सोच में लाना होगा बदलाव

**अभियान**

- सीसीएसयू में मिशन शक्ति के तहत स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण कार्यक्रम आयोजित

ग्रीन इंडिया



कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो.एनके तनेजा। ग्रीन इंडिया

**मेरठ**। हमारी संस्कृति में महिलाओं को देवी की तरह पूजा जाता है। हम मां दुर्गा, लक्ष्मी और विद्या को पूजते हैं। महिला को पहले से शक्ति का स्वरूप माना जाता है। वर्तमान समय में महिला पुरूषों से कम नहीं है, वह कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। समाज को अपनी सोच में बदलाव लाने की आवश्यकता है। नारी अब अबला नहीं है।

यह बात स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ.राजकुमार ने चौधरी चरण सिंह विवि में आयोजित मिशन शक्ति अभियान 2021 के तहत स्वास्थ परीक्षण एवं औषधि वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। गुरूकुल स्ट्रीट आवास पार्क चौधरी चरण सिंह विवि मिशन शक्ति अभियान 2021 के तहत स्वास्थ परीक्षण एवं औषधि वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विवि के कुलपति प्रो.नरेंद्र कुमार तनेजा ने कहा कि हमारे संविधान में महिलाओं को पुरूषों के बारबर का अधिकार दिया गया है। आज हर क्षेत्र में महिला उच्च पदों पर काम कर रही है। चाहे फिर वह राजनैतिक क्षेत्र हो, स्वास्थ्य या फिर शिक्षा का क्षेत्र हो। महिला किसी से भी कम नहीं है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि विवि की प्रति कुलपति प्रो.वाई विमला ने कहा कि महिला के बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती। मां ही बच्चे की पहली गुरू होती है, जो उसको अच्छे और बुरे की पहचान कराती है। पहले की अपेक्षा महिलाओं में अधिक जागरूकता आई। मिशन शक्ति अभियान 2021 के तहत स्वास्थ परीक्षण एवं औषधि वितरण कार्यक्रम के दौरान 70 से अधिक छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा यदि किसी में कोई कमी पाई गई तो उनको निशुल्क औषधि वितरण किया गयी। कार्यक्रम की समन्वयक प्रो.बिन्दु शर्मा ने बताया शासन के निर्देशानुसार पूरे सप्ताह मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है, इसी के तहत मिशन शक्ति अभियान 2021 के तहत स्वास्थ परीक्षण एवं औषधी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

हर दिन अलग विषय पर कार्यक्रम या फिर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। परीक्षण के दौरान 70 छात्राओं का ब्लड, शुगर, हीमोग्लोबिन, एचआईवी, हीपैटाईटिस बी का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल की डॉक्टरों की टीम का विशेष सहयोग रहा। संयुक्त निदेशक डॉ. संगीता गुप्ता, एसीएमओ डॉ.पूजा शर्मा, डॉ.रचना, डॉ. सुनीता चैहान, डॉ. निधि भाटिया, डॉ. शिखा वशिष्ठ का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान प्रो.एके चैबे, प्रो.नवीन चंद्र लोहानी, प्रो.नीलू जैन गुप्ता, डॉ.धमेंद्र कुमार, रमेश यादव, अमरपाल, इजीनियर मनीष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# भारतीय संस्कृति में महिला का उच्च स्थान: डॉ. राजकुमार




मेरठ (मेरठ समाचार प्रतिनिधि)। हमारी संस्कृति में महिलाओं को देवी की तरह पूजा जाता है। हम मां दुर्गा, लक्ष्मी और विद्या को पूजते हैं। महिला पहले से शक्ति का स्वरूप माना जाता है। वर्तमान समय में महिला पुरूषों से कम नहीं है, वह कंधे से कंघा मिलाकर काम कर रही हैं। समाज को अपनी सोच में बदलाव लाने की आवश्यकता है। नारी अब अबला नहीं है। यह बात स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ0 राजकुमार मुख्य अतिथि ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में आयोजित मिशन शक्ति अभियान 2021 के तहत स्वास्थ परीक्षण एवं औषिधि वितरण कार्यक्रम के दौरान कही।

गुरूकुल स्ट्रीट आवास पार्क चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ मिशन शक्ति अभियान 2021 के तहत स्वास्थ परीक्षण एवं औषिधि वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 नरेंद्र कुमार तनेजा ने कहा कि हमारे संविधान में महिलाओं को पुरूषों के बारबर का अधिकार दिया गया है। आज हर क्षेत्र में महिला उच्च पदों पर काम कर रही है। चाहे फिर वह राजनैतिक क्षेत्र हो, स्वास्थ्य या फिर शिक्षा का क्षेत्र हो। महिला किसी से भी कम नहीं है। उनको अपने अधिकारों को पहचानने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि चैधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति प्रो0 वाई विमला ने कहा कि महिला के बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मां ही बच्चे की पहली गुरू होती है, जो उसको अच्छे और बुरे की पहचान कराती है। पहले की अपेक्षा महिलाओं में अधिक जागरूकता आई। महिलाओं में शिक्षा का स्तर बढता जा रहा है।

**Health Check Up and Free Medicine Distribution Camp**
**1-3-2021**
**Mahila Adhyayan Kendra**

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut

दैनिक हीरा टाइम्स

# मिशन शक्ति के अंतर्गत विवि में कार्यक्रम आयोजित



मेरठ, संवाददाता। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान 2021 के उददेश्य को पूरा करने के लिए विश्व. विद्यालय में एक मार्च से अंतराष्ट्रीय महिला दिवस छात्राओं व महिला कर्मचारियों के लिए योग शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर स्थित योग विभाग में प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक आयाजित किया जा रहा है। जिसमें योगी अमरपाल और रानी बाला के निर्देशन में प्रातः छात्राओं ने योग से आत्मबल में कैसे वृद्धि होती है इसका अभ्यास किया और योग की बारीकयों को सीखा। इस योग शिविर में छात्राओं में उत्साह देखने को मिला। छात्राओं ने प्राणायाम, आसन का अभ्यास किया। मिशन शक्ति की समन्वयक प्रो. बिन्दु शर्मा ने सभी का उत्सावर्धन करते हुए कहा कि नारी सम्मान, नारी सुरक्षा नारी स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति का ध्येय वाक्य है उसको पूरा करने के लिए महिलाओं का शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त होना बहुत ही आवश्यक है। योग और प्राणायाम से नारी सशक्त होती है।

**Yoga Camp for Women**
**From 1-03-2021 to 7-03- 2021**
**Mahila Adhyayan Kendra**

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut





**Awareness Camp On "Importance of Vaccination"**
**13-7-2021**
**Mahila Adhyayan Kendra**

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut




**Awareness program by Mahila Adhyayan Kendra on the occasion of World Population Day**

**13-7-2021**



**Awareness program on importance of nutritious diet and food distribution by Mahila Adhyayan Kendra**

**13-7-2021**

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut



**Awareness program on importance of nutritious diet and food distribution by Mahila Adhyayan Kendra**

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut




**Awareness program on Tuberculosis by Mahila Adhyayan Kendra**

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut




# स्वस्थ रहेगी आधी आबादी तभी सशक्त होगा समाज

## सीसीएसयू में स्वस्थ महिला-स्वस्थ राष्ट्र विषय पर हुई गोष्ठी

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। महिलाओं का स्वास्थ्य सर्वोपरि है। वे परिवार की धुरी होती हैं। महिलाएं दूसरों के लिए तो बहुत चिंता करती हैं, लेकिन अपने स्वास्थ्य को अनदेखा कर देती हैं। महिलाओं में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए।

ये बात बुधवार को सीसीएसयू एवं स्वास्थ्य न्यास व भाभी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्वस्थ महिला-स्वस्थ राष्ट्र विषय पर गोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ. अतुल कोठारी ने कही। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम की अध्यक्ष कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने कहा कि आज देश में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां महिलाएं सर्वोच्च स्थान पर न हों।

उन्होंने कहा कि मातृशक्ति ने इस देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमारी बेटियां सभी क्षेत्रों में उच्च पदों पर आसीन हैं। महिलाएं स्वस्थ रहेंगी तो देश और समाज भी सशक्त होगा।





सीसीएसयू के बृहस्पति भवन में आयोजित कार्यक्रम में विचार रखते डॉ. अतुल कोठारी (ऊपर) और कार्यक्रम में शामिल अतिथि। अमर उजाला

### अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें

प्रति कुलपति प्रो. वाई विमला ने कहा कि भारत की बेटियां-स्त्रियां अपने कर्तव्य में इतनी लगन होती है कि वह अपने स्वास्थ्य की परवाह नहीं करती। वक्ता डॉ. रागिनी और डॉ. सरिता त्यागी ने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्वयक प्रो. बिंदु शर्मा एवं डॉ. सीमा शर्मा ने किया। इस मौके पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख अर्थव शर्मा, समीर कौशिक, प्रो. आराधना गुप्ता, प्रो. योगेंद्र सिंह, प्रो. अल्पना अग्रवाल, प्रो. जगबीर भारद्वाज, प्रो. प्रशांत कुमार, डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव, डॉ. दुष्यंत चौहान, डॉ. विवेक त्यागी, डॉ. सुशील शर्मा, अपेक्षा चौधरी, डॉ. कुसुमवती मौजूद रहीं।

**Seminar On Swastath Mahila- Shashakt Rashtra**

**4-05-2022**

**Mahila Adhyayan Kendra**

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut







**Inauguration Of Health Club and Three Days Health Check-up Camp (For Women/Girls)**
**13-15/9/2021**
**Mahila Adhyayan Kendra**

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut






**Inauguration Of Health Club and Three Days Health Check-up Camp (For Women/Girls) 13-15/9/2021**
**Mahila Adhyayan Kendra**

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut







**CERVICAL CANCER AWARENESS PROGRAME**

**23-05-2022**

**CCS University, Meerut**

**And Lala Lajpat Rai Memorial Medical College**

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut



# महिलाओं को मानसिक रूप से सशक्त होने की आवश्यकता: स्वाति यादव

(आज का बुलेटिन )
दिनेश गोयल बाबा



मेरठ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चल रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर एक व्याख्यान एवं अंतः संवाद सत्र आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की प्रतिकुलपति प्रो वाई विमला महोदया ने की। डमदजंस भ्मंसजी डपेपवद प्दकपं एक गैरलाभकारी और गैर सरकारी संगठन है जिसका मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य और उससे सम्बंधित विभिन्न प्रकार की सांवेगिक व व्यवहारिक समस्याओं के प्रति लोगों को राष्ट्रीय एवं विश्व स्तर पर शिक्षित एवं जागरूक करना है। श्रीमती स्वाति यादव मेंटल हेल्थ मिशन की सदस्य मनोवैज्ञानिक ने महिलाओं की मानसिक स्वास्थ्य के प्रति उपचार हेतु उनका मार्गदर्शन किया। असामान्य घटनाओं की वजह से पैदा हुए मानसिक दबाव के परिणामस्वरूप एडजेस्टमेंट से सम्बंधित समस्याओं जैसे डर ,चिंता ,नींद ना आना ,दुखी होना ,कार्य क्षमता का घटना ,स्कूल परफोर्मेंस घटनाके पहलुओं पर जोर दिया। कहा कि महिलाओं को सबसे पहले मानसिक रूप से सशक्त होने की आवश्यकता है। क्योंकि संविधान में महिलाओं को समानता का अधिकार दिया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रति कुलपति प्रो० वाई विमला ने कहा कि महिला को मानसिक रूप से स्वस्थ होना बहुत ही आवश्यक है। महिलाओं को तनाव से दूर रहना चाहिए। शिक्षा महिला को मानसिक रूप से स्वस्थ होने पर सबसे ज्यादा कारगर साबित होती है। महिलाओं को शिक्षा को महत्व देना चाहिए। किसी भी चीज की जानकारी होना मानसिक रूप से सशक्त बनाता है। प्रो० बिन्दु शर्मा समन्वयक मिशन शक्ति ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम की जानकारी दी और सभी का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि मेंटल हेल्थ ठीक रखें क्योंकि यदि कोई महिला मानसिक रूप से स्वस्थ है तो वह शारीरिक रूप से भी स्वस्थ्य होगी। इस अवसर पर भूमिका आचार्य नरेंद्र देव कॉलेज दिल्ली, दीपिका, स्वाति, कोमल, सिमरन आदि मौजूद रही।

**Online Guest Lecture On "Mental Health Issues in Women"**
**2-3- 2021**
**Mahila Adhyayan Kendra**

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut

*Dr. Bindu Sharma*
MPhil, PhD, F.S.L.Sc
Professor
Dept. of Zoology

Add.: Ch. Charan Singh
University, Meerut-250004 (U.P.)
Email: bindu2502@rediffmail.com
dr.bindusharmazoology@gmail.com
Mob.: 9412663532, 7983339533

Date. 26 August 2021

सेवा में,
अध्यक्षा,
मनोविज्ञान विभाग
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

महोदया,

निवेदन है कि अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्र, दि0- 10 अगस्त, 2021, पत्रांक संख्या 1819/सत्तर-3-2021-08(20)/2020 का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसमें, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन के लिये संचालित 'मिशन शक्ति' का तृतीय चरण दिनांक 21 अगस्त 2021 से दिसंबर 2021 तक संचालित होना प्रस्तावित है। जिसमें "चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो" कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की छात्राओं के लिए नियमित रूप से काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जाने हैं।

हमें ज्ञात है कि मनोवविज्ञान विभाग में 'साइकोलॉजिकल काउंसलिंग सेन्टर' संचालित है जिसकी भागेदारी इस कार्यक्रम के लिए लाभदायक हो सकती है।

अतः आपसे निवेदन है कि आप अपने विभाग में संचालित काउंसलिंग सेन्टर में मिशन शक्ति के तहत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की छात्राओं हेतु माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को काउंसलिंग सत्र आयोजित करने हेतु संबधित शिक्षक व कम से कम एक शिक्षिका सुनिश्चित कर इसकी जानकारी हमें प्रेषित करने की कृपा करें ताकि इस जानकारी को विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में प्रेषित किया जा सके एवं आवश्यकता अनुसार जरूरतमंद छात्राएं दिए गए समय पर आपके विभाग में आकर मनोवैज्ञानिक परामर्श प्राप्त कर सकें। आप की महान कृपा होगी।

Bindu Sharma 26/8/21
समन्वयक
मिशन शक्ति, उत्तर प्रदेश सरकार,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

प्रतिलिपि-
1. सचिव कुलपति को मा०.कुलपति जी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, के सूचनार्थ।
2. प्रति कुलपति जी, चौधरी चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ
3. कुलसचिव, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ
4. वित्त नियंत्रक चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ

**Letter Regarding Mental Health Counseling**
**For Women in the University**
**26-08-2021**

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut